# खनिज माफियाओं पर कार्यवाही



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 12 मई।** अवैध रेत- मुरुम मिट्टी के कारोबार पर नकेल कसते हुए खनिज विभाग ने मालनपुर क्षेत्र में बड़ी छापामार कार्रवाई की है। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना के निर्देश पर सोमवार रात 12 बजे से मंगलवार सुबह 6 बजे तक चले विशेष अभियान में मालनपुर थाना क्षेत्र से ही 11 वाहनों को अवैध खनिज परिवहन करते पकड़ा गया। प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा पंकज ध्वज मिश्रा के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक गणेश विश्वकर्मा और प्रभारी खनिज निरीक्षक अश्वनी कुमार मिश्रा की टीम ने मालनपुर के मुख्य रास्तों पर नाकाबंदी की। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव एवं राजस्व अमला पूरी रात मौके पर मौजूद रहा।

**11 बहनों पर कार्यवाही कर थाने में रखवाया:** जब्त 11 वाहनों में डम्पर और ट्रैक्टर-ट्रॉली दोनों शामिल हैं। इन वाहनों में अवैध रूप से रेत, मुरुम, डस्ट, मिट्टी और पत्थर का परिवहन किया जा रहा था। सभी 11 वाहन फिलहाल थाना मालनपुर में सुरक्षा में खड़े कर दिए गए हैं। सहित अन्य वाहन खनिज नियमों का उल्लंघन करते मिले। जप्त सभी वाहन मालिकों पर म.प्र. खनिज नियम 2022के तहत प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। जुर्माने के साथ-साथ वाहन राजसात करने की कार्रवाई भी प्रस्तावित है। प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

**मालनपुर में मचा हड़कंप:** एक ही रात में 11 वाहन जब्त होने से मालनपुर क्षेत्र के अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रातभर चलने वाले डम्परों से सड़कें खराब हो रही थीं और धूल से परेशानी थी। प्रशासन की इस कार्रवाई से लोगों ने राहत की सांस ली है। प्रभारी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मालनपुर सहित पूरे जिले में अवैध उत्खनन पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम होगा। आगे भी ऐसे औचक अभियान जारी रहेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सों का सम्मान

**भिण्ड, 12 मई।** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद में नर्सिंग स्टाफ के सम्मान एवं स्वागत हेतु गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल के चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर नर्सों के सेवा भाव, समर्पण और मानवता के प्रति उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत आधारशिला हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में समर्पित रहती हैं। मरीजों की देखभाल, उपचार प्रक्रिया में सहयोग एवं संवेदनशील व्यवहार के कारण नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है। वक्ताओं ने कहा कि नर्सों की मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणादायक है।

# दंदरौआ धाम के पास सड़क हादसा,लोडिंग वाहन पेड़ से टकराई



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मई।** मेहगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत दंदरौआ धाम मंदिर गेट के पास मंगलवार तड़के सुबह एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार ग्वालियर जिले के उटीला थाना क्षेत्र के तिहौली गांव निवासी आधा दर्जन युवक उत्तर प्रदेश के एक गांव में लगने वाली पशु हाट में पशु खरीद-बिक्री के लिए लोडिंग वाहन से जा रहे थे। तभी जैसे ही तेज रफ्तार लोडिंग वाहन दंदरौआ धाम मंदिर गेट के पास पहुंचा, चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित वाहन सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद खंती में जा गिरा। हादसा इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई।

### तीन की मौत,चालक मौके से फरार,दो गंभीर घायल ग्वालियर रेफर

### तीन की मौके पर मौत

इस दर्दनाक हादसे में प्रीतम मांझी, उनके पुत्र सुनील मांझी एवं उपेंद्र राणा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रामस्वरूप बघेल और मानवेन्द्र ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मेहगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल मेहगांव अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया।

### चालक फरार, पुलिस जांच में जुटी :

हादसे के बाद लोडिंग वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। मेहगांव थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याए

### 90 से अधिक आवेदनों पर दिए कार्रवाई के निर्देश,दिव्यांगों को तत्काल मिली व्हीलचेयर



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मई।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ वीरसिंह चौहान, अपर कलेक्टर एलके पांडेय द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। कार्यक्रम में 90 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में अग्रवाल कॉलोनी, अटेर रोड भिंड निवासी शिवम पुत्र नरोत्तम नरवरिया ने व्हीलचेयर उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को आवेदक को शीघ्र व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय विभाग के पंचम सिंह, संगीता यादव एवं मुनमुन सिन्हा द्वारा आवेदक शिवम को मौके पर ही व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने गंभीर बीमारी के इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैंडपंप संधारण, पेंशन, सड़क दुर्घटना सहायता, हितग्राहीमूलक योजनाएं, बीपीएल राशन कार्ड तथा भूमि कब्जा संबंधी आवेदनों पर भी संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी आवेदनों का निराकरण तय समय सीमा में किया जाए तथा आवेदकों को कार्रवाई की प्रगति से अवगत भी कराया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, इसलिए किसी भी आवेदन को लंबित न रखा जाए और प्रत्येक मामले में संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही की जाए।

# कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

### पाइपलाइन गुणवत्ता, नहरों से अतिक्रमण हटाने और बारिश पूर्व मरम्मत कार्य पूर्ण करने पर दिया जोर



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मई।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार भिंड में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ विभिन्न सिंचाई एवं पेयजल परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से कनेरा उद्वहन सिंचाई एवं पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए कार्य की भौतिक प्रगति, कार्य पूर्ण होने की समय-सीमा एवं क्रियान्वयन में हो रहे विलंब के कारणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कनेरा योजना के अंतर्गत डाली जा रही पाइपलाइन के ज्वाइंट पूरी तरह गुणवत्तापूर्ण और मजबूत हों, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की लीकेज की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

**नहरों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश:** बैठक में कलेक्टर ने नहरों की भूमि पर यदि कहीं अतिक्रमण है तो उसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नहरों और कैनाल की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर सुरक्षित रखा जाए। साथ ही नहरों के किनारे एवं खाली पड़ी शासकीय भूमि पर पौधारोपण कराने के भी निर्देश दिए गए।

## भूमि रिकॉर्ड अपडेट करने के निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि नहर निर्माण के लिए जहां भूमि अधिग्रहित की गई है, वहां संबंधित भूमि का नामांतरण विभाग के नाम पर रिकॉर्ड में दर्ज कराया जाए तथा राजस्व नक्शों में भी इसकी प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए।

**बारिश से पहले पूर्ण हों मरम्मत कार्य:** उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में जहां भी नहरें एवं कैनाल क्षतिग्रस्त हैं अथवा मरम्मत की आवश्यकता है, वहां मानसून पूर्व सभी मरम्मत कार्य पूर्ण कराए जाएं, ताकि बारिश के दौरान सिंचाई व्यवस्था प्रभावित न हो। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयसीमा में परियोजनाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# परशुराम ने पराक्रम से किया मानव कल्याण : शुक्ला



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 12 मई।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सर्व ब्राह्मण समाज ने भव्य चल समारोह नगर में निकाला जिसमें रथ पर भगवान भोलेनाथ भगवान परशुराम बिराजमान थे आगे आगे अद्भुत झांकियां अपने नृत्य से मनमोहक अंदाज में यात्रा को भव्य बना रही थी बनखण्डेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर भगवान परशुराम का चल समारोह हाट बाजार हनुमान रोड़ मुरैना तिराहा भिंड तिराहा होते हुए रामलीला मैदान पर यात्रा का समापन हुआ भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता आलोक राकेश शुक्ला ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया इस अवसर पर आलोक राकेश शुक्ला ने कहा कि भगवान परशुराम अजेय अमर हैं, शस्त्रऔर शास्त्र के महाज्ञानी भगवान परशुराम ने तप और पराक्रम से मानव जाति का कल्याण किया भगवान परशुराम का जिक्र रामायण से लेकर महाभारत और भागवत पुराण व कल्कि पुराण आदि ग्रन्थों में किया गया है आलोक शुक्ला ने भगवान परशुराम यात्रा एवं भव्य चल समारोह को सफल बनाने में सर्व समाज के सभी युवा साथी भाई बंधुओं का हृदय से बधाई और शुभकामनाएं दी आप सभी के सहयोग और एकता ने यह संदेश दिया कि जब युवा समाज के लिए आगे आते हैं तो हर आयोजन ऐतिहासिक बन जाता इसी प्रेम भाई चारे और एकजुटता के साथ हम सब आगे भी समाज और संस्कृति की सेवा करते रहेंगे।

# जनहित सत्याग्रह सातवें दिन जारी



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 12 मई।** सबलगढ़ नगर पालिका परिषद कार्यालय में नगर की बदहाल व्यवस्थाओं मुख्य बाजार की वर्षों पुरानी समस्याओं अधूरे विकास कार्यों एवं जल निकासी व्यवस्था को लेकर चल रहा शांतिपूर्ण जनहित सत्याग्रह आज सातवें दिन भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहा आज सत्याग्रह स्थल पर पार्षद कैलाश चंद बंसल पार्षद अशरफ एवं वरिष्ठ समाजसेवी अन्ना हजारे भी शामिल रहे और आंदोलन को समर्थन दिया सत्याग्रह कर रहे पार्षद मोहन रामजी लाल पचौरी ने प्रशासन एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर गंभीर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि आने वाली बरसात को देखते हुए नगर में तत्काल नालों की सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की आवश्यकता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अब भी फाइलों और आश्वासनों में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बारिश में लोगों के घरों, दुकानों और सड़कों पर पानी भर जाता है जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है इसके बावजूद मुख्य बाजार की गंदी गलियां, अधूरी सड़कें और रुके हुए विकास कार्य आज भी जस के तस पड़े हुए हैं।

# जि पं सीईओ ने निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

### निर्माण गुणवत्ता, तालाब साफ-सफाई और जल संरक्षण कार्यों पर दिए निर्देश, ई-केवाईसी समयसीमा में पूर्ण करने पर जोर



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मई।** जिला पंचायत सीईओ वीरसिंह चौहान ने मंगलवार को जनपद पंचायत भिंड अंतर्गत ग्राम बाराकला पहुंचकर ग्राम पंचायत भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने संबंधित उपयंत्री को स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत भवन का निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन के सामने स्थित तालाब का भी अवलोकन किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने तालाब की जनसहयोग से साफ-सफाई एवं गहरीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता देना आवश्यक है और गांवों में पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर संरक्षित किया जाना चाहिए, जिससे भविष्य में ग्रामीणों को जल संकट जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। सीईओ वीरसिंह चौहान ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की विभिन्न योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समग्र ई-केवाईसी एवं जॉब कार्ड ई-केवाईसी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिलना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जन चौपाल में पुलिस ने किया आमजन को जागरूक

### सड़क सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मई।** आमजन की समस्याओं के निराकरण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से मंगलवार को जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फूप थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह राजपूत सहित पुलिस स्टाफ द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों, वाहन चालकों, युवाओं, महिलाओं एवं विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान ने थाना प्रभारी राजपूत ने लोगों को दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की समझाइश दी। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है और स्वयं के साथ परिवार की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है।

# जमना ऑटो ने शा . स्कूल को खेल सामग्री और 20 बेंच की दी सौगात

### बालिकाओं की कोचिंग को मिले पंखे-कूलर



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 12 मई।** सामाजिक दायित्व निर्वहन(सीएसआर) के तहत जमना ऑटो इंडस्ट्रीज ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए बड़ा सहयोग दिया है। कंपनी ने विद्यालय को खेल सामग्री, फर्नीचर और कोचिंग सेंटर के लिए उपकरण उपलब्ध कराए हैंद्य कंपनी के एचआर हेड एनएमक्यू समसी के मार्गदर्शन में विद्यालय को क्रिकेट किट, कैरम बोर्ड, बैडमिंटन रैकेट, रस्सी कूद सहित कई खेल उपकरण दिए। समर कैंप में बच्चे इन्हीं सामानों से खेल-कूद कर रहे हैं। कंपनी द्वारा छात्रों के बैठने के लिए 20 नई बेंच लविद्यालय को प्रदान की गईं। **बालिका शिक्षा को बढ़ावा:**

जमना ऑटो द्वारा विद्यालय में बालिकाओं के लिए अलग से कोचिंग चलाई जा रही है। कोचिंग सेंटर में *4 पंखे और 1 कूलर* भी कंपनी ने लगवाए हैं, जिससे गर्मी में बालिकाओं को पढ़ाई में राहत मिल रही है। *विद्यालय के प्राचार्य फोदल सिंह कुशवाह ने जताया आभार* विद्यालय के प्राचार्य ने कहा, 'जमना ऑटो इंडस्ट्रीज के इस सहयोग से हमारे बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलने का भी मौका मिला है। बेंच मिलने से बैठने की समस्या दूर हुई। खासकर बालिकाओं की कोचिंग में पंखे-कूलर लगने से गर्मी में पढ़ाई आसान हो गई है। हम कंपनी प्रबंधन के आभारी हैं।

**विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती दीपा भदौरिया** ने कहा कि क्रिकेट किट और कैरम बोर्ड पाकर बच्चे बेहद खुश नजर आए। समर कैंप में अब बच्चे रोजाना खेल गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। बालिकाओं ने कहा कि कोचिंग में कूलर लगने से अब दोपहर में भी आराम से पढ़ाई हो पा रही है।जमना ऑटो इंडस्ट्रीज का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने की दिशा में मिसाल है। कंपनी आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।इस अवसर पर कंपनी के एचआर मैनेजर महेंद्र सिंह, सी एस आर अधिकारी अभिषेक पांडे, जावेद खान, अरुणेश भदोरिया, रामरतन, आसाराम आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे ।

# जिला अस्पताल हादसे को लेकर कांग्रेस का हमला, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

### एसएनसीयू वार्ड में छत गिरने की घटना पर प्रेसवार्ता, घायल महिलाओं को मुआवजा और जांच की उठाई मांग




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 12 मई।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पिंकी ने मंगलवार को संतोषी माता मंदिर के पास स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर जिला अस्पताल भिंड के एसएनसीयू वार्ड में हुई छत गिरने की घटना को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताया।

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल के नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई वार्ड में स्तनपान करा रही महिलाओं के ऊपर अचानक छत की सीलिंग गिरने से दो महिलाएं घायल हुईं। यह घटना अस्पताल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 1938 में निर्मित और वर्ष 2022 में अनुपयोगी घोषित भवन में दोबारा मरम्मत कर संचालन शुरू किया गया, जो नवजात शिशुओं एवं माताओं की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। धर्मेंद्र भदौरिया ने कहा कि घटना के समय वार्ड में आधा दर्जन से अधिक नवजात शिशु एवं कई महिलाएं मौजूद थीं। यदि हादसा और गंभीर होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अस्पताल जैसी जीवन रक्षक संस्थाओं में यदि भवन ही सुरक्षित नहीं हैं तो मरीजों का इलाज और भरोसा दोनों खतरे में हैं।

उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल की जर्जर व्यवस्थाओं को समय रहते नहीं सुधारा गया तो भविष्य में और बड़े हादसे हो सकते हैं।

कांग्रेस ने जिला अस्पताल में आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। आरोप लगाया गया कि भर्ती में अनियमितताएं हुई हैं तथा पैसों के लेनदेन की शिकायतें सामने आई हैं। धर्मेंद्र सिंह भदौरिया ने चेतावनी दी कि यदि अस्पताल एवं जिला प्रशासन द्वारा मामले में उचित कार्रवाई नहीं की गई और पीड़ितों को न्याय नहीं मिला, तो कांग्रेसजन गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान डॉ. राधेश्याम शर्मा, संतोष त्रिपाठी, हलीम पठान, रेखा भदौरिया, संदीप मिश्रा, बृजेंद्र सिंह भदौरिया, मुन्ना, रामजीलाल शाक्य, शंकर जैन, बॉबी तोमर सहित कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

**कांग्रेस की प्रमुख मांगें:** छत गिरने की घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। घायल महिलाओं को बेहतर उपचार के साथ 1 लाख रुपए आर्थिक सहायता दी जाए। एसएनसीयू वार्ड एवं अस्पताल भवन की तत्काल तकनीकी जांच कर आवश्यक मरम्मत कराई जाए।

# बीहड़ की जमीन का आवंटन रद्द करने की मांग तेज



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 12 मई।** ग्राम पंचायत अटार से लेकर निवाड़ी तक सहजा पुरा घुर्रि गोदौली गढुला बंथर खुर्द केमारा कैमरा कलां मारकापुरा जावरौल जाटोली पचेर नदवाना निवाड़ी छाहर मानपुर टाटूपुरा किशोरगढ़ का पूरा आदि गांव के किसानों की जमीन चंबल के बीहड की भूमि को उद्योग विभाग को आवंटित करने की कार्यवाही को रद्द करने की मांग की जा रही है इस आंदोलन में सैकड़ो की संख्या में किसानों महिला पुरुष बच्चों के साथ एकत्रित होकर सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार सबलगढ़ को दिया गया ज्ञापन में उद्योग विभाग के लिए जमीन आवंटन की कार्रवाई रद्द करने चंबल के बीहड़ों की जमीन के पट्टे काबिज किसानों को देने तथा उद्योग विभाग के लिए 552 नंबर हाईवे के बाई और अनुपयोगी भूमि को आवंटित करने की मांग की गई इससे पहले किसानों की सभा हुई जिसे मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी माकपा नेता गया राम सिंह धाकड़ किसान सभा के जिला महासचिव नरेश गोस्वामी पूर्व पार्षद इब्राहिम शाह योगेश धाकड़ कांग्रेस के नेता जगदीश बंसल आदि ने संबोधित किया ।